# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (21.12.2024)

HINDUSTAN
MUZAFFARPUR
DATE:21.12.2024
PAGE-06

### परीक्षा नियंत्रक ने किया परीक्षा का निरीक्षण

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान ने शुक्रवार को पीजी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। दोपहर में परीक्षा हॉल पहुंचे परीक्षा नियंत्रक ने सभी कमरों में जाकर जायजा लिया। उन्होंने सभी को कदाचार मुक्त परीक्षा की हिदायत दी।

उधर, परीक्षा विभाग ने स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024-28 की प्रैक्टिकल की तारीख जारी कर दी है। प्रैक्टिकल 21 दिसंबर से सात जनवरी तक होगी। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि प्रैक्टिकल में एक बाह्य और एक आंतिरक परीक्षक कॉलेजों में नियुक्त किए जाएंगे।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 21.12.2024, PAGE-06

### रिजल्ट के बाद पीजी में दाखिले की तैयारी शुरू

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि में स्नातक पार्ट-3 का रिजल्ट जारी होने के बाद पीजी में नामांकन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। विवि प्रशासन जल्द ही आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू करेगा। पीजी के सत्र को पटरी पर लाने के लिए अगले वर्ष विवि के दो सत्रों में दाखिला लेने पर विचार चल रहा है।

अगले वर्ष जनवरी और सितंबर में पीजी में दाखिला लेने की योजना तैयार की जा रही है। बिहार विवि में अभी पीजी सत्र 2024-26 में दाखिले के लिए प्रक्रिया शुरू होगी। पीजी में करीब नौ हजार सीटों पर दाखिला लिया जाना है। डीएसडब्ल्यू डॉ. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि स्नातक का परिणाम जारी होते ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीजी में दाखिले को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। पोर्टल खोलने के लिए यूएमआइएस को निर्देश दिया गया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 21.12.2024, PAGE-05

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कराने में न्यास की भूमिका सराहनीय

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के गेस्ट हाउस में शुक्रवार को बिहार विवि और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा पर केंद्रित परिसंवाद हुआ। शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ न्यास के प्रांत सह संयोजक डॉ. हरीश दास ने की। स्वागत भाषण श्रीकृष्ण महिला कॉलेज, मोतिहारी के प्राचार्य प्रो. पंकज कुमार ने किया। अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की भूमिका प्रशंसा योग्य है। मौके पर विजय कुमार सिंह, प्रो. बीएस राय, प्रो. ओमप्रकाश राय, प्रो. ममता रानी, प्रो. राकेश कुमार सिंह, प्रो. राजीव कुमार मौजूद रहे।

HIHDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 21.12.2024, PAGE : 06

## बीआरएबीयू में छात्राओं के लिए शुरू हुआ नया हॉस्टल

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि में शुक्रवार को कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने पीजी गर्ल्स हॉस्टल-2 का उद्घाटन किया। मौके पर कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में छात्राओं के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध कराना तथा सुरक्षित माहौल तैयार करना विवि प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस दिशा में इस छात्रावास का उद्घाटन किया गया है। इससे छात्राओं को अधिक सुविधा उपलब्ध हो सकेंगी तथा उनको पढ़ाई में भी सहयोग मिलेगा।

उन्होंने छात्रावास की स्वच्छता तथा खेल में सक्रियता पर विशेष बल दिया। छात्रावास में फिलहाल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 300 से अधिक महिला खिलाड़ी ठहरेंगी। मौके पर कुलानुशासक प्रो. विनय शंकर राय, प्रो. आलोक प्रताप सिंह, डॉ. अपराजिता कृष्णा, डॉ. धीरेंद्र कुमार, डॉ.विनोद बैठा, प्रो. ओपी राय, प्रो. ममता रानी, संजय सिन्हा आदि थे।

### हॉस्टल में वर्षों से जमी छात्राएं हटाई जाएंगी

कुलपति को जानकारी मिली कि कुछ छात्राएं वर्षों से हॉस्टल में जमी हुई हैं। बताया कि ये छात्राएं एक कोर्स के पूरा होने के बाद दूसरे में नामांकन ले लेती हैं और फिर हॉस्टल खाली करने से इनकार कर देती हैं। इस पर कुलपति ने कहा कि कोर्स पूरा करने के बाद भी पीजी छात्रावासों में वर्षों से जमी छात्राओं को हटाया जाएगा। अगले वर्ष से छात्रावास का फ्रेश आवंटन होगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 21.12.2024, PAGE-06

# डिग्री व प्रोविजनल आनलाइन देखने के लिए भेजे जाएंगे रिकार्ड

## बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उच्च शिक्षा निदेशालय के स्तर पर आयोजित वर्चुअल मीटिंग में दी जानकारी

**1.86** लाख प्रोविजनल अब तक नेशनल एकेडमिक डिपोजिटरी पर अपलोड

- परीक्षा नियंत्रक समेत कई अन्य अधिकारी आनलाइन जुड़े
- इसी महीने रिकार्ड को लाइव करने की जोर-शोर से तैयारी



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में नैड (नेशनल एकेडमिक डिपोजिटरी) पर अपलोड हुए करीब एक लाख 86 हजार प्रोविजनल के बाद अब डिग्री समेत अन्य दस्तावेज को आनलाइन एक्सेस किए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय की ओर से करीब 93 हजार डिग्रियों को डिजिलाकर पर आनलाइन एक्सेस किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए विश्वविद्यालय स्तर से नैड के राज्य नोडल अधिकारी को पूरी रिपोर्ट भेजी जाएगी। इसके बाद पूरी जानकारी लाइव हो जाएगी। इसका अर्थ है कि अब बच्चे डिजिलाकर पर अंकपत्र, प्रोविजनल से लेकर सर्टिफिकेट आनलाइन एक्सेस कर सकेंगे।

निदेशालय को भेजी जाने वाली रिपोर्ट में छात्र का पूरा नाम, कालेज का नाम, सत्र, कोर्स समेत अन्य जानकारी दर्ज रहेगी। यह डाटा एक्सेल शीट में भेजा जाएगा। इसी महीने रिकार्ड को लाइव किया जाएगा। उच्च शिक्षा निदेशालय की ओर से शुक्रवार को अपार कार्ड की स्थिति समेत अन्य के लिए वर्चुअल मीटिंग हुई। इसमें परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान, डिप्टी कंट्रोलर टू डा. आनंद प्रकाश दूबे और अपार के लिए गठित समिति के सदस्य डा. मो. इम्तियाज अनवर शामिल हुए। निदेशालय स्तर से अब तक छात्र-छात्राओं के अपार कार्ड और अपलोड होने वाले क्रेडिट स्कोर की जानकारी मांगी गई। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि अब तक करीब एक लाख 42 हजार विद्यार्थियों का अपार कार्ड बन चुका है। 31 दिसंबर तक हर हाल में खाता बनाने की प्रक्रिया पूरी करनी है।

**2023 का डाटा होगा अपलोड:** चार वर्षीय स्नातक कोर्स के तहत 2023 के फर्स्ट और सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं का क्रेडिट आनलाइन अपलोड करना है। अब तक प्रोविजनल रिजल्ट ही जारी हुआ। अंतिम परिणाम का रिकार्ड परीक्षा विभाग के स्तर से तैयार होते ही इसे पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।



पीजी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा का निरीक्षण करते परीक्षा नियंत्रक • जागरण

## परीक्षा नियंत्रक ने किया केंद्रों का औचक निरीक्षण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में शुक्रवार को पीजी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हुई। पहले दिन परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कमरों में पहुंचकर निरीक्षण करते हुए छात्र-छात्राओं को कदाचारमुक्त परीक्षा में सहयोग करने की अपील की। कहा कि अपनी उत्तर पुस्तिका में सभी आवश्यक जानकारी जरूर भरें। ऐसा नहीं होने पर उनका रिजल्ट पेंडिंग हो जाता है। ऐसे में सावधानी बरतने की जरूरत है। दोनों ही पालियों में प्रवेश को लेकर छात्रों में धक्का-मुक्की हुई। पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्ण रही।

## विश्वविद्यालय में होगी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की स्थापना

**बिहार विश्वविद्यालय और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के बीच हुआ एमओयू, संयोजक ने किया परिसंवाद को संबोधित**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के क्षेत्र संयोजक प्रो. विजय कुमार सिंह ने कहा कि नालंदा ज्ञानकुंभ में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की भूमिका काफी प्रशंसनीय रही है। यह बिहार का पहला विश्वविद्यालय है जो भारतीय ज्ञान परंपरा की पुनर्स्थापना के लिए जनजागरण करते हुए अकादमिक दृष्टि से खेल बनाकर काम को आगे बढ़ा रहा है।

वह शुक्रवार को विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में बिहार विश्वविद्यालय और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास बिहार के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा पर केंद्रित परिसंवाद में बोल रहे थे। बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. डीसी राय ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि शीघ्र ही विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की स्थापना करके इस दिशा में आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास और बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के बीच एमओयू भी हुआ। परिसंवाद का संचालन भारतीय भाषा मंच के राष्ट्रीय संयोजक और यूजीसी एमएमटीटीसी के उपनिदेशक डा. राजेश्वर कुमार ने किया। स्वागत भाषण श्री कृष्ण महिला कालेज, मोतिहारी के प्राचार्य प्रो पंकज कुमार ने किया। मौके पर प्राक्टर प्रो. बीएस राय, एलएस कालेज के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश राय, आरबीबीएम कालेज की की प्राचार्य प्रो.ममता रानी, एसआरपीएस कालेज के प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार सिंह, भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डा. राजेश कुमार वर्मा आदि थे।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR,
DATE :21.12.2024, PAGE-06

## पीजी में नामांकन के लिए वहुत जल्द खुलेगा पोर्टल

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी में नामांकन के लिए पोर्टल खुलेगा। सत्र को पटरी पर लाने के लिए यह प्रक्रिया शुरू की जाएगी। डीएसडब्ल्यू डा आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि स्नातक पार्ट थर्ड का परिणाम जारी होने के साथ ही अब पीजी में नामांकन की प्रक्रिया शुरू होनी है। पीजी के सत्र 2024 -26 में दाखिला होना है। इसके लिए विद्यार्थियों को आनलाइन आवेदन करना होगा। उसके बाद अंकों के आधार पर मेधा सूची जारी होगी। पीजी में करीब नौ हजार से अधिक सीटें उपलब्ध हैं।

## अनोज, अनुराग, अमन व राजा को वुशू में स्वर्ण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : रामेश्वर महाविद्यालय की मेजबानी में शुक्रवार को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में बिहार वुशू संघ की महासचिव सुमन मिश्रा व जिला खेल अधिकारी मिथिलेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर ब्रह्मचारी व्यास नंदन शास्त्री ने की। नीतीश्वर कालेज के अनोज कुमार, आरडीएस कालेज के राजा कुमार, आरसी कालेज के अनुराग कौशिक व एलएस कालेज के अमन कुमार ने स्वर्ण पदक जीता।

## स्नातक प्रथम में आज से प्रायोगिक परीक्षा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों में शनिवार से चार वर्षीय स्नातक कोर्स के प्रथम सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षा शुरू होगी। पहली बार विश्वविद्यालय में एक्सटर्नल के साथ-साथ इंटरनल परीक्षक भी प्रैक्टिकल कराएंगे। 140 कालेजों में इंटरनल और एक्सटर्नल परीक्षकों की नियुक्ति की गई है। पहले प्रैक्टिकल परीक्षाओं में केवल दो एक्सटर्नल की नियुक्ति होती थी। अब बदलाव के तहत एक्सटर्नल के साथ ही इंटरनल की भी नियुक्ति की गई है। इंटरनल परीक्षकों को इसके बदले रेमुनरेशन भी मिलेगा। विश्वविद्यालय के अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों में शनिवार से चार जनवरी तक प्रैक्टिकल की परीक्षा होगी। इसके बाद थ्योरी की परीक्षा सात जनवरी के आसपास शुरू हो सकती है। प्रैक्टिकल परीक्षा होम सेंटर पर होगी। वहीं थ्योरी की परीक्षा के लिए 57 से अधिक कालेजों में केंद्र बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 21.12.2024, PAGE-06**

# पीजी महिला छात्रावासों में नववर्ष में बनेंगे बैडमिंटन और वालीबाल कोर्ट



विश्वविद्यालय में पीजी गर्ल्स हास्टल के उद्घाटन पर बोलते कुलपति • जागरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी महिला छात्रावासों में नए वर्ष में बैडमिंटन और वालीबाल कोर्ट बनेंगे। छात्राओं के लिए ओपन जिम की सुविधा होगी। उनके दौड़ने के लिए ट्रैक भी बनेगा। इससे छात्रावासों में रहने वाली छात्राओं को सुविधा होगी। छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ अपनी फिनेटस को भी बेहतर कर सकेंगी। सभी छात्रावासों का सौंदर्यीकरण होगा। 2019 से बंद पड़े पीजी महिला छात्रावास संख्या दो का उद्घाटन शुक्रवार को कुलपति प्रो. डीसी राय ने किया। कहा कि छात्रावासों में छात्राओं को अनुशासन के साथ रहना चाहिए। हास्टल के मेंटेनेंस से लेकर साफ-सफाई में भी छात्राओं को सहयोग करने की आवश्यकता है। कुलपति ने कहा कि हर रविवार पीजी छात्रावासों में साफ-सफाई के लिए झाड़ू लगाई जाएगी। एनएसएस के सहयोग से छात्रावासों में यह अभियान चलेगा। कुलपति ने कहा कि उन्होंने पूर्व में साफ- सफाई के लिए एनएसएस समन्वयक को जिम्मेदारी दी थी, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो सका है। इस पर कुलपति ने नाराजगी जाहिर की है। पीजी छात्रावास संख्या दो में कुल 34 कमरे हैं। इसमें 102 छात्राएं रह सकती हैं। हर कमरे में तीन छात्राएं रह सकेंगी। कई महीनों से छात्रावास के रिपेयरिंग का कार्य चल रहा है। ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए पहुंचने वाली टीम के खिलाड़ियों को इसी छात्रावास में ठहराया जाना है। धन्यवाद ज्ञापन महिला छात्रावास वार्डन प्रो. पुष्पा कुमारी ने किया। वहीं कार्यक्रम के संयोजन में छात्रावास सुपरिटेंडेंट डा. अर्चना सिंह, डा. विदिशा मिश्रा और छात्राओं ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह, प्राक्टर प्रो. बीएस राय, रजिस्ट्रार डा. अपराजिता कृष्णा, परीक्षा नियंत्रक डा. सुखलाल पासवान, विकास पदाधिकारी डा. रमेश विश्वकर्मा, डीआर वन डा. धीरेंद्र कुमार, डीआर टू डा. विनोद बैठा, एलएस कालेज के प्राचार्य डा. ओपी राय, आरबीबीएम कालेज की प्राचार्य डा. ममता रानी, स्पोर्ट्स एडवाइजर संजय सिन्हा, एचआरडीसी के निदेशक प्रो. राजीव झा आदि थे।

### इन पर भी बनी सहमति

- पीजी महिला छात्रावास संख्या एक, तीन और चार का रिनोवेशन होगा।
- छात्रावास चार में सबमर्सिबल पंप लगाया जाएगा
- रजिस्ट्रार ने महिला कर्मचारियों को शाल और पुरुषों को चादर दिए जाने की घोषणा की।
- गेट पर कार्य करने वाले गार्ड के लिए शेड का होगा निर्माण

**कोर्स पूरा कर चुकी छात्राओं को नहीं होगा आवंटन :** पीजी छात्रावासों में कोर्स पूरा करने के बाद कई छात्राएं वर्षों से जमी हैं। अब उन्हें बाहर निकाला जाएगा। अगले वर्ष से नए सिरे से छात्रावासों का आवंटन होगा।

**छात्राओं को आवंटित होगा एलएस कालेज का महिला छात्रावास :** पीजी महिला छात्रावास कैंपस में अवस्थित एलएस कालेज के महिला छात्रावास का आवंटन अगले वर्ष से होगा। इसमें कुल 40 छात्राएं रह सकती हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 21.12.2024, PAGE-04**

# बैडमिंटन व वॉलीबॉल कोर्ट की सुविधा जल्द : वीसी

- महिला छात्रावास का कुलपति ने किया उद्घाटन
- 34 कमरों में 102 छात्राओं के आवासन की सुविधा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास संख्या-2 का शुक्रवार को कुलपति प्रो.दिनेश चन्द्र राय ने उद्घाटन किया. कुलपति प्रो. राय ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में छात्राओं के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध कराना व सुरक्षित माहौल तैयार करना विश्वविद्यालय प्रशासन की जिम्मेवारी है. इससे छात्राओं को पठन-पाठन में सुविधा मिलेगी.

## स्वच्छ रखें छात्रावास

छात्रावास में स्वच्छता व खेल में सक्रियता पर जोर दिया. कहा कि इस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल में प्रतिभागिता में शामिल होने वाली खिलाड़ियों को इसी छात्रावास में ठहराया जायेगा. इस छात्रावास में कुल 34 कमरे हैं. यहां 102 छात्राओं के आवासन की व्यवस्था है. कुलपति ने कहा कि पीजी महिला छात्रावास संख्या एक, तीन और चार का रिनोवेशन भी शीघ्र किया जायेगा. छात्रावासों में पेयजल की परेशानी नहीं हो इसको लेकर सबमर्सिबल पंप लगाया जाएगा. कुलसचिव डॉ अपराजिता कृष्णा ने महिला कर्मचारियों को शॉल और पुरुषों को चादर देने की घोषणा की. साथ ही छात्रावास के गेट पर कार्यरत गार्ड के लिए शेड बनाने की बात कही.

## बार-बार आवंटन कराने वाली छात्राएं होंगी बाहर

कुलपति को जानकारी मिली कि कुछ छात्राएं एक कोर्स पूरा होने के बाद दूसरे मे नामांकन ले लेती हैं. इस कारण नयी छात्राओं को आवंटन नहीं हो पाता. कुलपति ने कहा कि पीजी छात्रावासों मे कोर्स पूरा करने के बाद कई छात्राएं वर्षों से जमी हैं. अब उन्हें बाहर निकाला जाएगा. अगले वर्ष से छात्रावास का फ्रेश आवंटन होगा. पहली बार नामांकन लेने वाली छात्राओं को ही प्राथमिकता के तौर पर छात्रावास में कमरा आवंटित किया जाएगा.



महिला छात्रावास का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रोफेसर डीसी राय.

इस अवसर पर अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो.आलोक प्रताप सिंह, कुलानुशासक प्रो.विनय शंकर राय, कुलसचिव डॉ अपराजिता कृष्णा, डिप्टी रजिस्ट्रार-1 डॉ धीरेंद्र कुमार डिप्टी रजिस्ट्रार- 2 डॉ विनोद बैठा, लंगट सिंह कॉलेज के प्राचार्य प्रो.ओपी राय, आरबीबीएम कॉलेज की प्राचार्य प्रो. ममता रानी, पूर्व आईएएस संजय सिन्हा, एचआरडीसी के निदेशक प्रो.राजीव झा, छात्रावास की वार्डन डॉ पुष्पा कुमारी, डॉ अर्चना सिंह, डॉ विदिशा मिश्रा सहित अनेक पदाधिकारी, कर्मचारी व छात्राएं उपस्थित रहीं. बता दें कि यह छात्रावास करीब पांच वर्षों से बंद पड़ा था.

**खेलकूद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए होगी पहल :** कुलपति ने कहा कि छात्रावास परिसर में ही छात्राओं के लिए वॉलीबॉल और बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया जाएगा. शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा. कहा कि छात्राएं खेलकूद की गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से शामिल हों. छात्राओं के लिए ओपन जिम की सुविधा करायी जाएगी. दौड़ने के लिए ट्रैक भी बनेगा. परिसर को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने को लेकर भी पहल की जाएगी. उन्होंने छात्राओं से भी इसमें सहयोग करने को कहा. कहा कि वे स्वयं भी सप्ताह में एक दिन साफ-सफाई में सहयोग करेंगे.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

Ref:.....................                                                                                    Date:..........................

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 21.12.2024, PAGE-04**

### शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के साथ बीआरएबीयू का हुआ एमओयू

# भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ बनेगा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू व शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, बिहार के संयुक्त तत्त्वावधान में अतिथिगृह में भारतीय ज्ञान परंपरा पर केंद्रित परिसंवाद हुआ.मुख्य अतिथि न्यास के क्षेत्र संयोजक प्रो विजय सिंह रहे. कहा कि न्यास के आयोजन नालंदा ज्ञानकुंभ में बीआरएबीयू की भूमिका प्रशंसनीय है. कुलानुशासक प्रो बीएस राय ने कहा कि न्यास के साथ मिलकर विवि भारतीय ज्ञान परंपरा के क्रियान्वयन को लेकर प्रयास करेगा. न्यास के प्रांत सह संयोजक डॉ हरीश दास ने सरस्वती वंदना से की. स्वागत भाषण श्रीकृष्ण महिला कॉलेज, मोतिहारी के प्राचार्य प्रो पंकज कुमार ने किया. एलएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश राय, आरबीबीएम कॉलेज की प्राचार्य प्रो ममता रानी, एसआरपीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो राकेश सिंह, भारती शिक्षक प्रशिक्षण के प्राचार्य डॉ राजेश वर्मा, इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज आर्ट्स प्रो राजीव, हिन्दी विभाग के प्रो प्रमोद, लोक शिक्षा समिति के प्रदेश सचिव रामलाल सिंह, पाटलिपुत्र विवि, पटना के सीनेटर अजय यादव, प्रांत संयोजक डॉ दयानंद मेहता, गौरव पंवार, अभय कांत श्रीवास्तव, आकाश मोदी, डॉ प्रशांत राय मौजूद थे.

**कॉलेजों में भी बनेगा** :कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की भूमिका प्रशंसा योग्य है. नालंदा ज्ञानकुंभ के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर बीआरएबीयू अग्रणी भूमिका निभायेगा. विवि में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की स्थापना होगी. कॉलेज स्तर पर भी इसे शुरू करेंगे. इस अवसर पर न्यास व बीआरएबीयू के बीच एमओयू भी हुआ. संचालन भारतीय भाषा मंच के राष्ट्रीय संयोजक व यूजीसी एमएमटीटीसी के उपनिदेशक डॉ राजेश्वर कुमार ने किया.


विश्वविद्यालय अतिथि गृह मे कार्यक्रम को संबोधित करते डॉक्टर राजेश्वर .

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:21.12.2024, PAGE-04**

# संपदा की सुरक्षा के लिए करेंगे प्रयास

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के नवनियुक्त इस्टेट ऑफिसर के रूप में विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ दिलीप कुमार ने योगदान दे दिया. कुलपति कार्यालय में उन्होंने योगदान दिया. कहा कि विवि की संपदा की सुरक्षा को लेकर हर संभव प्रयास किया जायेगा.

योगदान देने के बाद विवि के शिक्षकों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया व बधाई दी. पेंशन ऑफिसर डॉ मो. अमानुल्लाह को भी बधाई दी गयी. बधाई देने वालों में कुलानुशासक प्रो बीएस राय, प्रो.सतीश राय, प्रो प्रेमानंद, डॉ रेणुबाला, प्रो रजनीश गुप्ता, सीसीडीसी प्रो मधु सिंह, एलएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ ओपी राय, प्रो प्रमोद, प्रो नीलम, प्रो अनिल ओझा, डॉ भारती सेहता, प्रो जयकांत सिंह, लॉ ऑफिसर डॉ एसपी राय, डॉ एबी शुक्ला, डॉ रक्षा सिंह, प्रो.आरएन ओझा, डॉ रजनीकांत पांडेय समेत अन्य शामिल थे.


योगदान देने के बाद नवनियुक्त पदाधिकारी को किया गया सम्मानित.